# 23 में से 20 बसों में नहीं मिली रेट लिस्ट, पेट्रोल पंपों में भी कमियां

**खास बातें**

- चार पंप मिले ओके, 22 में बुनियादी सुविधाओं में मिली कमियां
- राजस्व अधिकारियों को जनता से जुड़े मामलों पर भी नज़र रखने के निर्देश
- गैस एजेंसी , पेट्रोल पंप , यात्री बसों की चल रही जांच



नवभारत न्यूज

**विदिशा 5 नवम्बर, जनता से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े मुद्दों पर भी निगरानी रखने और जांच करने के निर्देश कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिए थे. अपने नियमित राजस्व कार्यों के साथ-साथ इस आदेश के दायरे में एसडीएम, तहसीलदारों और नायब तहसीलदार को शामिल किया गया है. हाल ही में जारी किए गए निर्देश के बाद मैदान में उतरे सरकारी अमले ने जिले में संचालित यात्री बसें, पेट्रोल पंप एवं गैस एजेंसियों की समय-समय पर जांच की जाए, ताकि आम नागरिकों को असुविधा का सामना न करना पड़े. जो सूची जारी की गई उसके हिसाब से कई राजस्व अधिकारी जांच करने के लिए पहुंचे ही नहीं वहीं दूसरी तरफ जहां 23 बसों की जांच की गई जिनमे से 20 बसों में किराया सूची ही चस्पा नहीं थी. जिसके चलते मुसाफिरों को किराए के बारे में सही जानकारी नहीं मिल पाती है.**

जबकि विगत दिनों निर्देश जारी किए गए थे कि सभी यात्र बसों में किराया सूची ऐसी जगह पर चस्पा की जाए जो मुसाफिरों आसानी से दिख जाए. जांच के दौरान जिन बसों में कमी मिली उसकी रिपोर्ट जिला परिवहन अधिकारी को भेजी जाएगी जहां से आगे की कार्यवाही होगी. चौकाने वाली बात भी सामने आई कि इस जांच अभियान में जिले के 7 एसडीएम तो बसों की जांच करने के लिए फील्ड पर उतरें लेकिन कुछ तहसीलदार और नायाब तलसीलदार जांच करने के लिए गए ही नहीं. जो सूची जारी की गए उनमें सामने आया कि लटेरी के नायाब तहसीलदार हेमंद यादव, लटेरी तहसीलदार जगन प्रसाद, विदिशा ग्रामीण तहसीलदार अजय पाठक और नायाब तहसीलदार विकास अग्रवाल बसों की जांच करने के लिए निकले ही नहीं. इस संबंध में जब एसडीएम क्षितिज शर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह रूटीन चेकअप है. कलेक्टर साहब ने निर्देश दिए हैं कि अपने मूल कार्य के साथ-साथ जनता से जुड़े मुद्दों पर भी अधिकारी विशेष ध्यान दें. वहीं जिला परिवहन अधिकारी गिरजेश वर्मा ने बताया कि राजस्व अधिकारियों को बसों की जांच के निर्देश दिए गए थे और संबंधित रिपोर्ट उन्हें सौंपी जानी थी. उन्होंने स्वीकार किया कि जिले में संचालित बसें सही चल रही हैं. फस्र्टेड किट और यात्री किराया सूची के संबंध में मिली रिपोर्ट पर हम आवश्यक कार्रवाई करेंगे. साथ उन्होंने कहा कि जांच के दौरान सामने आया कि वाहन चालकों में जागरूकता की कमी है. जहां दो पहिया वाहन चालक हेलमेट लगाने से कतराते हैं वहीं चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट बांधने में दिलचस्पी नहीं दिखाते हैं. लोगों को जागरूक करना जरूरी है.

## एक मुश्त जांच कराई पेट्रोल पंपों की

पेट्रोल पंप पर उपभोक्ताओं को जो सुविधाएं मिलना चाहिए वह पंपों पर नहीं मिल रही है.कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले में संचालित सभी प्रकार के पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण राजस्व अधिकारियों से एक साथ कराया गया है. सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने अपने अपने कार्य क्षेत्रों में संचालित पेट्रोल पंपों पर प्रदाय बुनियादी सुविधाओं की भी मौके पर जांच की गई है और पालन प्रतिवेदन जिला कार्यालय को उपलब्ध कराया गया है. जिसके अनुसार सिर्फ चार पेट्रोल पंपों में नियमानुसार तमाम प्रबंध ओके पाए गए हैं. करीब 22 पेट्रोल पंपों में उपभोक्ताओं को प्रदाय बुनियादी सुविधाओं में कमियां पाई गई है.

## पेट्रोल पंपों पर अनिवार्य रूप से होनी चाहिए यह सुविधाएं....

नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पेट्रोल पंपों पर निम्न सुविधाएँ उपलब्ध कराना आवश्यक यात्री, वाहन चालक और महिलाओं के लिए स्वच्छ व सुरक्षित शौचालय अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहना चाहिए.गर्मियों व सफर के दौरान यात्रियों के लिए मुफ्त पीने के पानी की उपलब्धता. सड़क हादसा, वाहन खराबी या अन्य आपात स्थिति में तुरंत सहायता हेतु कॉल सुविधा. चोट लगने या आकस्मिक दुर्घटना की स्थिति में प्राथमिक उपचार सामग्री मौजूद रहे.वाहन सुरक्षा के लिए टायर में हवा भरने की निःशुल्क सुविधा, अग्नि सुरक्षा के इंतजाम बचाव के सभी मानकों का पालन, फायर एक्सटिंग्विशर, आपात निकास व सुरक्षा चेतावनी बोर्ड. पंप मालिक/प्रबंधक का नाम व मोबाइल नंबर किसी भी शिकायत या आवश्यकता की स्थिति में ग्राहकों को सीधा संपर्क जानकारी उपलब्ध रहे डिजिटल भुगतान की सुविधा यात्री आधुनिक भुगतान विकल्पों के साथ हर स्थिति में लेनदेन कर सकें.

**एक नजर में**

## राहुल को बनाया जिले का प्रशिक्षण प्रभारी

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता अरुण अवस्थी ने बताया कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा हाल ही में जिला प्रशिक्षण प्रभारियों की नियुक्ति की गई है, जिसमें मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता राहुल राज को विदिशा जिले का प्रशिक्षण प्रभारी बनाया गया है.

## आनंदपुर में भजन संध्या आज

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** श्री रणछोड़दास जी की प्रेरणा से सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा मालवा के कबीर पद्म श्री प्रह्लाद सिंह टिपानिया के सुमधुर भजन संध्या होगी.ट्रस्ट के रवि उपाध्याय ने बताया संत कवीर की वाणी को जन जन तक पहुंचाने वाले मालवा के कबीर पद्म श्री प्रह्लाद सिंह टिपानिया के सुमधुर भजन संध्या का आयोजन सद्गुरुनगर आनंदपुर में गुरुवार को आयोजित किया जा रहा है.प्रहलाद सिंह टिपानिया कबीर के भजन गायक एक प्रसिद्ध भारतीय लोक गायक हैं.

## प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारे में लंगर में ग्रहण की प्रसादी

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर बुधवार को नगर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये. इस अवसर पर प्रातःकाल नगर कीर्तन का आयोजन किया गया. नगर कीर्तन स्थानीय रावजी पथ स्थित गुरुद्वारा से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होता हुआ पुनः गुरुद्वारा पर पहुंचा.**



नगर कीर्तन में श्री गुरुनानक देव जी के चित्र को आकर्षक रूप से सजे रथ में विराजित किया गया था. वही श्रद्धालु नगर कीर्तन करते हुए चल रहे थे. इस अवसर पर स्थानीय गुरुद्वारे में कथा कीर्तन एवं आरती अरदास हुई. जिसके उपरांत लंगर का आयोजन किया गया. जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सम्मिलित होकर प्रसादी ग्रहण की. इस मौके पर गुरुद्वारे में चल रहे गुरु ग्रंथ साहिब पाठ साहब का भी समापन हुआ. इस मौके पर गुरुद्वारे में गुरुवाणी और कीर्तन हुये. गुरुद्वारे में सुबह से देर शाम तक समाजसेवी संगठनों के कार्यकर्ताओं सहित नागरिकों की भीड़ लगी रही.

## पेंशन पर कब्जा करने वाले बेटे पर मामला दर्ज कर किया गिरफ्तार

**आखिरकार बेटे को भेजना पड़ा नशामुक्ति केंद्र**

**कहीं जुड़े भावना के तार, तो कहीं करनी पड़ी एफआईआर**

नवभारत न्यूज

**विदिशा, एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में गठित पुलिस पंचायत की साप्ताहिक बैठक बुधवार को हुई. जिसमें आए सीनियर सिटीजनों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया. एक सीनियर सिटीजन ने बताया कि उनका बेटा औरबहू विवाद करते हैं, जिससे पारिवारिक वातावरण प्रभावित होता है.**

पंचायत द्वारा समझाइश दी गई कि परिवार की शांति व बच्चों के भविष्य के लिए विवादों से बचना आवश्यक है. दोनों पक्षों ने आगे झगड़ा न करने एवं बेटे को निःशुल्क नशामुक्ति केंद्र भेजने पर सहमति व्यक्त की. एक बुजुर्ग महिला ने बताया कि उनके भाई-भतीजे झगड़ा व मारपीट करते हैं। पंचायत की मध्यस्थता में सभी पक्षों की सहमति से परिवार के दो मकानों में पांचों भाइयों का बराबर एक-पांचवां हिस्सा तय किया गया तथा आगे विवाद न करने का निर्णय लिया गया. एक सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारी ने बताया कि उनका पुत्र लगातार परेशान करता है और पेंशन पर कब्जे का दबाव बना रहा है.सुनवाई के बाद प्रकरण में विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी पुत्र को गिरफ्तार किया गया एवं मारपीट एवं माता-पिता भरण पोषण अधिनियम की धारा 24 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया. इस दौरान एएसपी प्रशांत चौबे, आर कुलश्रेष्ठ, प्रमोद व्यास, दिनेश वाजपेयी, अजय टंडन, अतुल शाह एवं पार्थ पित्तलिया की उपस्थिति में संपन्न हुई. बैठक में प्राप्त सीनियर सिटीजन एवं पारिवारिक विवाद संबंधी प्रकरणों की सुनवाई कर समझाइश, समाधान एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई.



## दीपावली पर नपा की मिठाई बनी सोशल मीडिया की चर्चा

नवभारत न्यूज

**विदिशा, हर साल की तरह इस बार भी दीपावली के मौके पर नगर पालिका द्वारा पार्षद एवं अन्य लोगों को बटने वाली मिठाई के डब्बे सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बने हुये हैं.**



भले ही दीपावली को गुजरे 15 दिन हो गये हो लेकिन बुधवार से नपा में दीपावली की मिठाई सोशल मीडिया पर जमकर चर्चा में बनी हुयी है. जानकारों का कहना है कि इस बार भी पार्षदों के घर तक मिठाई के डिब्बे पहुंचे हैं लेकिन यह मिठाई किसी जनप्रतिनिधि से पर्सनल पहुंचायी है या फिर इसका बिल भी नपा के खाते में जुड़ेगा.एक पार्षद ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली है जिसमें दीपावली की मिठाई का जिक्र किया गया है.

## नरवाई न जलाएं तो कैसे करें बोवनी, डेमो देकर बताए सरकार

**नरवाई जलाने पर कृषक पर जुर्माना अधिरोपित**

नवभारत न्यूज

**विदिशा, लगभग सोयाबीन और धान की कटाई हो चुकी है. किसान नई रबी की फसल बौने के तैयारी में जुटे हुए हैं. ऐसे में खेत तैयार करने के लिए खेतों में खड़ी नरवाई को हटाना जरूरी हो गया है. जहां एक तरफ शासन ने नरवाई जलाने पर रोक लगा रखी है. जो किसान नरवाई जा रहा है उस पर मामला दर्ज कर जुर्माना किया जा रहा है.**



किसानों के सामने यह उलझन है कि वह अपने खेत कैसे तैयार करे. किसानों का कहना है कि सरकार और कृषि विभाग के अधिकारी यह बताएं कि नरवाई को किस तरह से हटाया जाए और किस तरह से बोवनी की जाए, हाल ही में सैकड़ों की संख्या में किसान कलेक्टोरेट पहुंचे थे जहां पर उन्होंने अधिकारियों से कहा था कि कृषि विभाग डेमो देकर किसानों को समझाए कि किस तरह से बिना जाएग नरवाई हटेगी और खेत बोवनी के लिए कैसे तैयार होंगे.बुधवार को कुरवाई के ग्राम इमलिया निवासी कृषक रईस खान पिता अहमद नूर खान द्वारा ग्राम इमलिया स्थित कुल 2 खातें, रकबा 3.428 हेक्टेयर पर नरवाई जलाने की रिपोर्ट प्राप्त हुई. इस पर कार्यवाही करते हुए संबंधित कृषक रईस खान पर पांच हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया है. प्रशासन द्वारा कृषकों से अपील की गई है कि नरवाई जलाना वायु प्रदूषण फैलाने के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता को भी प्रभावित करता है.अतः किसी भी स्थिति में नरवाई न जलाएं, अन्यथा नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी.



## प्रशिक्षण सर्टिफिकेट वितरित किये

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** खरी फाटक बाहर विदिशा में ब्यूटी एंड बेलनेस सेक्टर स्किल काउंसलिंग पीएम दक्ष योजना के प्रशिक्षण सर्टिफिकेट वितरित किए गए.डायरेक्टर वैष्णवी कंप्यूटर सेंटर नीलेश मालवीय ने बताया कि पिछले वर्ष हमारे सेंटर पर 200 छात्राओं ने इसका प्रशिक्षण लिया जिसके तहत आज सर्टिफिकेट वितरण किया गया.मुख्य अतिथि शैलेन्द्र सरवैया पार्षद, योगेश मालवीय वरिष्ठ पत्रकार,शिवेंद्र सिंह राजपूत मां शारदा कंप्यूटर सेंटर,फैजल शैय्यद बीबी ग्राफिक्स,अंकित सक्सेना तक्षशिला इंस्टीट्यूट, इंजी.नीरज मालवीय, नरोत्तम दास ,पूजा मालवीय, वैशाली ,सुजाता,प्रियंका आदि उपस्थित रहे.

## आंखों में चमक, चेहरे पर दमक, हुआ कवि सम्मेलन

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मां वेत्रवती घाट उद्धार सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष गोवर्धन साहू के नेतृत्व में उनके पुत्र ओम प्रकाश साहू की स्मृति में घाट उद्धार सेवा समिति द्वारा पांच दिवसीय मां वेत्रवती उत्सव मनाया जा रहा है. इसके तीसरे दिन कवि सम्मेलन के मुख्य संयोजक लायन अरुण कुमार सोनी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अखिल भारतीय स्वर्णकार महासभा के संयोजन, चौधरी निसार मालवीय कई काव्य जगत की साहित्यिक संस्थाओं के जनक की अध्यक्षता में एवं गोविंद देवलिया राष्ट्रीय साहित्यकार एवं इतिहासकार तथा माधो सिंह साहित्य के विशेष आतिथ्य में, जिसका संचालन कवि संतोष सागर ने किया. विशेष अतिथि गोविंद देवलिया द्वारा विदिशा की विरासत को सवारने संभालने के लिए लोगों को प्रेरित किया.कामरेड माधो सिंह ने सनातन धर्म के बारे में लोगों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की.कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे चौधरी निसार मालवीय ने अपनी कविता से नव जवानों को साहित्य के साथ कार्य करने की प्रेरणा प्रदान की.कार्यक्रम संयोजक लायन अरुण कुमार सोनी की कविता आंखों में चमक चेहरे पर दमक मुस्कान से सजा उनका चेहरा है को काफी सराहना मिली.शाहिद अली शाहिद, चांद खां चांद एवं हामिद सिरोंजी,उदय ढोली, संतोष शर्मा सागर, संजय चतुर्वेदी एवं सत्येंद्र सत्यज,सोबरन सिंह,बद्री प्रसाद,दीपक रघुवंशी, अनुज भार्गव,अशोक खरे, अमोली दास, खिलान दास, कोमल सिंह कोमल एवं शीतल कुमार जैन,अजीत खां , मोहम्मद हुसैन अहसान, रईस शेख एवं विष्णु दुबे नेभी जमकर कविताओं की बौछार की.कार्यक्रम के अंत में संस्थापक अध्यक्ष गोवर्धन सिंह साहू द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया.



## भाजपा प्रदेश मंत्री का किया स्वागत

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** भाजपा प्रदेश मंत्री राजो मालवीय के अल्प प्रवास पर आगमन पर जनपद सदस्य प्रतिनिधि पं. प्रशांत पालीवाल व उनके समर्थकों ने स्वागत किया. उन्होंने भाजपा प्रदेश मंत्री से चर्चा कर संगठन की गतिविधियों के बारे में बताया.

## गंभीर अपराधों में समय सीमा में किया जाए चालान पेश-एसपी

**एसपी ने ली मासिक अपराध समीक्षा बैठक**

**प्राथमिकता आधारित पुलिसिंग हेतु दिए गए विशेष निर्देश**



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** मंगलवार को एसपी रोहित काशवानी ने कंट्रोल रूम में मासिक अपराध समीक्षा बैठक ली. इस बैठक में थाना स्तर की कार्यप्रणाली, अपराधों की विवेचना, जनहित प्रकरणों के निराकरण तथा प्रभावी एवं पारदर्शी पुलिसिंग के बिंदुओं पर प्राथमिकता के आधार पर विस्तृत समीक्षा की गई. बैठक के दौरान संपति चोरी संबंधी प्रकरणों में विवेचना में गति लाकर ट्रेसिंग हेतु फुटेज, तकनीकी विश्लेषण एवं स्थानीय सूचना तंत्र के प्रभावी उपयोग के निर्देश दिए गए.ऑपरेशन मुस्कान के तहत दस्तयाब बालकों की काउंसलिंग एवं परिजनों को सुपुर्दगी की प्रक्रिया में सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए. अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत दर्ज प्रकरणों में राहत प्रकरणों की समयसीमा में पूर्ति एवं निष्पक्ष विवेचना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. थाना चौकी भवनों की स्थिति की समीक्षा कर मरम्मत, रंग-रोगन, लाइटिंग एवं फर्नीचर सुधार हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए. मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने और फॉलोअप रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश व महिला उत्पीड़न, दहेज, छेड़छाड़ एवं एक्ट से संबंधित प्रकरणों में संवेदनशीलता, शीघ्रता एवं साक्ष्य-आधारित विवेचना पर बल दिया गया. इसके अलावा गंभीर अपराध हत्या, बलात्कार, डकैती, अपहरण जैसे प्रकरणों की त्वरित विवेचना कर समयसीमा में चालान प्रस्तुत करें.

**अनदेखी**

**संवेदनशील घोषित क्षेत्र में निगरानी व्यवस्था ठप, कंट्रोल रूम बना शोपीस**

# कैमरों की जद से बाहर सांची का ऐतिहासिक स्थल

**वार्षिकोत्सव से पहले सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल**

नवभारत न्यूज

**सांची, ऐतिहासिक एवं संवेदनशील स्थल सांची की सुरक्षा एक बार फिर सवालों के घेरे में है. कभी यहां हर गतिविधि पर निगरानी रखने के लिए लगाए गए कैमरे अब मात्र खंभों पर झूलते यंत्र बनकर रह गए हैं. सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही का आलम यह है कि अधिकांश कैमरे लंबे समय से बंद पड़े हैं, जिससे संपूर्ण नगर कैमरों की जद से बाहर हो गया है.**




जानकारी के अनुसार, नगर के प्रमुख मार्गों, प्रवेश द्वारों और ऐतिहासिक परिसरों में कुछ वर्ष पूर्व सुरक्षा दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे. प्रारंभिक समय में यह प्रणाली सक्रिय रही, लेकिन धीरे-धीरे रखरखाव की अनदेखी के चलते अधिकांश कैमरे निष्क्रिय हो गए.नतीजतन, पुलिस को अब घटनाओं की जांच में भी काफी मशक्कत करनी पड़ती है.नगर के नागरिकों का कहना है कि जब प्रशासनिक कैमरे बंद हैं, तब लोगों ने अपने-अपने घरों और संस्थानों में निजी कैमरे लगाकर स्वयं निगरानी की जिम्मेदारी उठा ली है.इससे स्पष्ट है कि प्रशासनिक स्तर पर सुरक्षा प्रणाली पूरी तरह ठप पड़ी है.आगामी दिनों में नगर में वार्षिकोत्सव आयोजन होने वाला है, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु और अतिविशिष्टजन शामिल होंगे. ऐसे में बंद पड़े कैमरों और निष्क्रिय कंट्रोल रूम की स्थिति ने प्रशासन की तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं.थाना प्रभारी जे.पी. त्रिपाठी ने बताया कि कैमरे फिलहाल बंद हैं, परंतु इनकी व्यवस्था पुलिस के नियंत्रण में नहीं है. फिर भी पुलिस अधीक्षक को इस स्थिति से अवगत कराया जाएगा ताकि शीघ्र सुधार किया जा सके.इतिहास की धरोहर सांची, जहां हर ईंट सुरक्षा की गवाही देती है, आज आधुनिक सुरक्षा के अभाव में स्वयं असुरक्षित होती जा रही है.

## जैन पत्रकार प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक संपन्न

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** परम पूज्य आचार्य श्री विश्वरत्न सागर सूरीश्वर जी महाराज साहब के सानिध्य में संपन्न जैन पत्रकार संगठन की बैठक में सामाजिक संरचना और भविष्य की पीढ़ी के संरक्षण को लेकर योजना बनाने एंव पत्रकारों को संरक्षक बनकर उसका निर्वाह करने के लिये आचार्य विश्वरतन सागर सूरीश्वर महाराज साहब ने निर्देशित किया.दलाल भाग इन्दौर में सम्पन्न बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों सहित जिलों अध्यक्षों ने भाग लिया.बेटी बचाओ और स्वसमाज विवाह पर आचार्य श्री ने आह्वान करते हुए संगठन पदाधिकारियों और पत्रकारों से इस विषय पर विशेष ध्यान देने और इसे एक मुहिम के तौर पर चलाने को कहा, महाराज श्री की मुख्य चिंता जैन बेटियों के अन्य समाज में अन्तर्जातीय विवाह को लेकर है. बैठक में प्रवीण खारीवाल , दीपक दुग्गड , प्रदीप बाफना ,राजेन्द्र , नितेश लुणीया , अशोक जैन , प्रकाश बारोड , आशीष जैन जैन,विनोद के शाह ,महैन्द्र बम्बोरी, गणतंत्र मेहता , दीलीप बखतगढ़, प्रवीण मंडलेचा दसई ने विचार रखे.